Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide rail link between Nagpur and Jabalpur and Ramtek to Gotegaon or Shikara -laid.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): नागपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग में मध्य रेल को वाया इटारसी होकर जाना पड़ता है । मार्ग की व्यस्तता एवं आपातकाल में इस मार्ग पर एक वैकल्पिक रेल मार्ग की आवश्यकता है । नये मार्ग के रूप में यदि नागपुर से वाया सिवनी, जबलपुर मार्ग बनाया जाता है तो नागपुर से जबलपुर के बीच सीधा मार्ग भी बनेगा । दूरी भी लगभग 250 कि0मी0 कम होगी एवं नागपुर से वाया इटारसी होकर जाने वाले व्यस्तम मार्ग पर दबाव भी कम होगा । नागपुर से रामटेक एवं जबलपुर से गोटेगांव या शिकारा तक रेल मार्ग बना हुआ है । यदि रामटेक से गोटेगांव या शिकारा तक केवल 200 कि0मी0 के लगभग मार्ग बनाना पड़ेगा । इस मार्ग के बनने से एक अतिरिक्त मार्ग उत्तर दक्षिण को जोड़ने वाला बनेगा । अतः रामटेक से गोटेगांव या शिकारा तक नवीन रेल मार्ग बनाने का कष्ट करें ।